**जसवंत मा ॅडर्न सी० से० स्कूल हिन्दी कार्यपत्रिका कक्षा -6 सेट- अ 2026-27**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

एक छोटे से गाँव में आरव नाम का एक बालक रहता था। वह बहुत ही जिज्ञासु और मेहनती था। एक दिन स्कूल से लौटते समय उसने देखा कि गाँव के तालाब में बहुत कचरा पड़ा हुआ है। पानी गंदा हो गया था और मछलियाँ भी परेशान दिख रही थीं।

आरव को यह देखकर दुख हुआ। उसने अपने दोस्तों को बुलाया और सबने मिलकर तालाब की सफाई करने का निर्णय लिया। अगले दिन रविवार था। सभी बच्चे सुबह-सुबह झाड़ू, जाल और बाल्टियाँ लेकर तालाब के पास पहुँच गए। उन्होंने मिलकर कचरा निकाला और तालाब के किनारे सफाई की।

गाँव के कुछ बड़े लोग भी यह देखकर उनके साथ जुड़ गए। कुछ ही दिनों में तालाब फिर से साफ और सुंदर हो गया। अब वहाँ पक्षी भी आने लगे और पानी भी निर्मल दिखने लगा।

आरव को बहुत खुशी हुई क्योंकि उसने अपने छोटे से प्रयास से बड़ा बदलाव ला दिया था।

(क) अति लघु उत्तर वाले प्रश्न:

1. आरव कैसा बालक था?
2. तालाब में क्या समस्या थी?
3. बच्चे सफाई के लिए किस दिन इकट्ठा हुए?

(ख) लघु उत्तर वाले प्रश्न:

4. आरव ने तालाब देखकर क्या निर्णय लिया?
5. गाँव के लोगों ने क्या प्रतिक्रिया दी?

**प्रश्न 2. अतिलघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) ध्यानचंद को किस लोकप्रिय उपाधि से सम्मानित किया जाता है?
(ख) 'गोल' शीर्षक पाठ किस खेल से संबंधित है?
(ग) खड्गसिंह बाबा भारती के पास क्यों आया था?
(घ)गौतम बुद्ध ने संसार को किसका पाठ पढ़ाया?
(ड़) श्रीकृष्ण ने धरती पर क्या संदेश दिया था?

**प्रश्न 3. लघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) ध्यानचंद की सफलता का मुख्य मूलमंत्र क्या था?
(ख) ध्यानचंद ने चोट खाने के बाद अपना बदला कैसे लिया?
(ग) खड्गसिंह ने सुलतान को चुराने या छीनने के लिए क्या उपाय अपनाया?
(घ) अस्तबल में जाते समय बाबा भारती के पैरों की गति अचानक क्यों रुक गई?
(ड़) कवि ने भारत को 'धर्म-भूमि' और 'कर्म-भूमि' क्यों कहा है?

**प्रश्न 4. रिक्त स्थान भरिए।**

(क) ध्यानचंद खेल के मैदान में कभी भी _____ या गुस्सा नहीं करते थे।
(ख) हॉकी के मैदान में गेंद को गोल पोस्ट के अंदर पहुँचाने की क्रिया को ____ कहा जाता है।
(ग) खड्गसिंह ने चुपचाप सुलतान को अस्तबल में लाकर बाँध दिया और उसकी आँखों से _____________ के आँसू बह रहे थे।
(घ) सुलतान की शानदार _____________ देखकर डाकू खड्गसिंह के हृदय पर साँप लोट गया था।
(ड) गंगा _____________ त्रिवेणी, लहरें उठा रही हैं।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।**

(क)सिंधु
(ख)त्रिवेणी
(ग)संस्मरण
(घ)नौसिखिया
(ड)खरहरा

**प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

(क) समुद्र (ख) हाथी (ग) विद्यार्थी (घ) घोड़ा (ङ) वन

**प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**
(क) अग्रज (ख) जीव (ग) नैतिक (घ) उपकार (ङ) आदि
**प्रश्न 8. दिए गए शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिए।**
(क) न्याय (ख) नृप (ग) ज्ञानी (घ) थाली (ङ) झगड़ा
**प्रश्न 9. निम्नलिखित शब्दों की संधि विच्छेद कीजिए।**
(क) रवीन्द्र (ख) सूक्ति (ग) लघूर्मि (घ) हितोपदेश (ङ) सप्तर्षि

**परियोजना कार्य (प्रश्न 10 से प्रश्न 12 तक)**

**प्रश्न 10. पत्र लेखन**
(क) अपने जन्मदिन के उत्सव पर मित्र को निमंत्रण पत्र लिखिए।
(ख) विद्यालय में प्रधानाध्यापिका को फीस माफी (शुल्क मुक्ति) के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।
**प्रश्न 11. अनुच्छेद लेखन**
'चाँद से धरती कैसी दिखती होगी?' इस विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।
**प्रश्न 12. रचनात्मक कार्य**
(क) 'कहानी हार की जीत 'के दो मुख्य पात्रों—बाबा भारती और डाकू खड्गसिंह का एक तुलनात्मक चार्ट बनाएं।
(ख) कहानी 'गोल' से मेजर ध्यानचंद के जीवन की किसी एक प्रसिद्ध घटना (जैसे जर्मनी के एडॉल्फ हिटलर के सामने उनका मैच) को कॉमिक्स या स्टोरीबोर्ड के रूप में दर्शाएं।

# जसवंत मा ॅडर्न सी० से० स्कूल हिन्दी कार्यपत्रिका कक्षा -6 सेट- ब

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

रीना नाम की एक लड़की अपने दादा-दादी के साथ रहती थी। उसे पेड़-पौधों से बहुत प्यार था। वह हर दिन अपने घर के बगीचे में पौधों को पानी देती और उनकी देखभाल करती थी।

एक दिन गर्मी बहुत बढ़ गई। कई पौधे सूखने लगे। रीना बहुत चिंतित हो गई। उसने सोचा कि अगर ऐसे ही चलता रहा तो पूरा बगीचा खराब हो जाएगा। उसने अपने पड़ोस के बच्चों को भी समझाया और सबने मिलकर सुबह-शाम पौधों को पानी देना शुरू किया। धीरे-धीरे बगीचा फिर से हरा-भरा हो गया। वहाँ तितलियाँ और पक्षी भी आने लगे। रीना को बहुत खुशी हुई कि उसके प्रयास से प्रकृति फिर से सुंदर बन गई।

**(क) अति लघु उत्तर वाले प्रश्न:**

1. रीना किसके साथ रहती थी? 2. रीना को किससे प्यार था? 3. पौधों को क्या होने लगा था?

**(ख) लघु उत्तर वाले प्रश्न:**

4. रीना ने समस्या को हल करने के लिए क्या किया? 5. बगीचे में क्या परिवर्तन आया?

**प्रश्न 2. अतिलघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) सेना में ध्यानचंद को हॉकी खेलने के लिए किसने प्रेरित किया था? (ख) ध्यानचंद ने कितने वर्ष की उम्र में खेलना शुरू किया?
(ग) बाबा भारती के घोड़े का क्या नाम था? (घ) भारत माता के चरणों में कौन झूमता है? (ड)कोयल कहाँ रहकर पुकारती है?

**प्रश्न 3. लघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) ध्यानचंद के अनुसार खेल के मैदान में खिलाड़ी को कैसा व्यवहार करना चाहिए?
(ख) 'गोल' पाठ से हमें क्या मुख्य संदेश या सीख मिलती है?
(ग) बाबा भारती ने डाकू खड्गसिंह से क्या वचन या प्रार्थना की थी?
(घ) खड्गसिंह के शब्दों का बाबा भारती के मन पर क्या प्रभाव पड़ा?
(ड) कविता ‘ मातृभूमि ‘ में पहाड़ों और झाड़ियों के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कवि ने किस प्रकार किया है?

**प्रश्न 4. रिक्त स्थान भरिए।**

(क) जनम जहाँ थे ______, वंशी बजाई जिसने।
(ख) भारत में ध्यानचंद के जन्मदिन को ______के रूप में मनाया जाता है।
(ग) खड्गसिंह डाकू ने ____ का रूप बनाकर बाबा भारती को धोखा दिया था।
(घ) बाबा भारती के प्यारे घोड़े का नाम ______ था।
(ड) विरोधी टीम से बदला लेने के लिए ध्यानचंद ने मैदान में उतरकर लगातार ____ गोल किए।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।**

प्रशंसा अस्तबल प्रतिद्वंद्वी प्रहार अमराइयाँ

**प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

(क) सूर्य (ख) पृथ्वी (ग) पर्वत (घ) बालक (ङ) शिक्षक

**प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

(क) शुभ (ख) संभव (ग) वरदान (घ) जीवन (ङ) अधिक

**प्रश्न 8. दिए गए शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिए।**

(क) टोकरी (ख) यज्ञ (ग) मित्र (घ) कृपा (ङ) प्रतीक्षा

**प्रश्न 9. निम्नलिखित शब्दों की संधि विच्छेद कीजिए।**

(क) दयोर्मि (ख) कमलेश (ग) वधूत्सव (घ) रेखांकित (ङ) राजेंद्र

प्रश्न 10. परियोजना कार्य (प्रश्न 10 से प्रश्न 12क)

**प्रश्न 10. पत्र लेखन** (क) अपनी कक्षा का सेक्शन (वर्ग) बदलने के लिए प्रधानाचार्य जी को प्रार्थना पत्र लिखिए।
(ख) स्कूल के वार्षिकोत्सव के लिए माता-पिता को निमंत्रण पत्र लिखिए।

**प्रश्न 11. अनुच्छेद लेखन**

‘ यदि मैं कवि होता/होती..’ विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

**प्रश्न 12. रचनात्मक कार्य**

(क) हॉकी का इतिहास और शब्दावली

<u>क्या करें:</u> एक बड़े चार्ट पेपर पर हॉकी खेल का इतिहास लिखें। विवरण: हॉकी में इस्तेमाल होने वाले शब्दों (जैसे: ड्रिबल, पेनल्टी कॉर्नर, गोलपोस्ट) के चित्र बनाएं और उनके अर्थ हिंदी में लिखें।

**(ख) बाबा भारती के प्यारे घोड़े ’सुल्तान’ के नजरिए से कहानी को एक छोटी आत्मकथा के रूप में लिखें।**